# पटवार परीक्षा – नवम्बर –2016

## निर्वाचन

### प्रश्न पत्र नं0 – 8

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 100

नोट : 1. प्रश्न अनिवार्य है।
2. शेष में से पांच प्रश्न हल करें।

प्र01. किन्हीं 8 पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें :–

i) वार्ड की परिभाषा – 3
ii) बूथ लेवल अधिकारी – 3
iii) पारूप 6 व 7 – 3
iv) विशेष मतदाता – 3
v) निर्वाचन अभिकर्ता – 3
vi) निविदत पत्र – 3
vii) EVM – 3
viii) जिला निर्वाचन अधिकारी के कर्त्तव्य – 4

प्र02. लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के अुनसार मतदान केन्द्रों के लिए पीठासीन अधिकारियों की नियुक्ति एवं उनके साधारण कर्त्तव्यों का विस्तारपूर्वक वर्णन करें। (15)

प्र03. (i) प्रगणक एवं अभिहीत अधिकारी के क्या कार्य हैं। वर्णन करें। (7½)

(ii) मतदाता सूची का गहन पुर्नरीक्षण तथा संक्षिप्त पुर्नरीक्षण में क्या अन्तर हैं, स्पष्ट करें। (7½)

प्र04. (i) हि.प्र. पंचायती राज नियम 1994 अनुसार मतगणना की प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक वर्णन करें। (10)

(ii) मतो में समानता पर क्या कार्यवाही की जाती है ? (5)

प्र05. (i) ग्राम पंचायत के गठन की प्रक्रिया का विस्तारपूर्वक वर्णन करें। (10)

(ii) पंचायत निर्वाचन में आरक्षण पर विस्तृत नोट लिखें। (5)

प्र06. (i) विशेष मतदाता का क्या अर्थ है ? (5)

(ii) निवारक निरोध के अधीन निर्वाचन का क्या प्रावधान है नियम सहित वर्णन करें। (5)

(iii) निरक्षर या दिव्यांग मतदाताओं की सहायता करने का क्या प्रावधान है वर्णन करें ? (5)

प्र07. (i) पंचायती राज निर्वाचन नियम 1994 के अन्तर्गत दावे व आक्षेप दाखिल करने की क्या विधि है, वर्णन करें। (5)

(ii) नामांकन पत्रों की संवीक्षा की क्या प्रक्रिया है विस्तारपूर्वक वर्णन करें। (5)

(iii) मतदान समाप्त होने के पश्चात् कौन–कौन से पैकेट पीठासीन अधिकारी द्वारा तैयार किए जाते हैं। (5)

प्र08. संक्षिप्त नोट लिखें :–

(i) मतदान प्रक्रिया (4)

(ii) निर्विरोध निर्वाचन (4)

(iii) रिटर्निंग अधिकारी और सहायक रिटर्निंग अधिकारी की नियुक्ति प्रक्रिया (4)

(iv) मतदान बंद करने की प्रक्रिया (3)

# पटवार परीक्षा – नवम्बर –2016
## "हिमाचल प्रदेश लैण्ड लॉज"
## (किताबों की सहायता से)
## प्रश्न पत्र नं0 – 6

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 100

नोट : i) प्रश्न नम्बर। अनिवार्य है।
ii) शेष में से पांच प्रश्न हल करें।

प्र01. किन्हीं 10 पर संक्षिप्त टिप्पणी करें :–

| | |
|---|---|
| i) मुजारियत | i) अभिलेख |
| iii) भू–राजस्व | iv) राजस्व वर्ष |
| v) लगान का बकाया | iv) मापन चिन्ह |
| vi) मौरूसी व गैर मौरूसी | vii) कुटुम्ब |
| viii) सहोदर | ix) अनुज्ञेय क्षेत्र |
| x) बाकीदार | xi) विधि व्यवसायी |

(10×2½=25)

प्र02. I) निशान देही क्या होती है ? इसके लिए कौन–कौन आवेदन कर सकता है। (5)

ii) राजस्व अधिकारियों में निशानदेही करने की शक्तियां किस धारा के अन्तर्गत प्रदान की गई है। निशानदेही की प्रक्रियासंक्षिप्त रूप में वर्णित करें। (10)

प्र03. i) विभाजन की प्रक्रिया का वर्णन प्रार्थना पत्र से लेकर इन्तकाल तक करें। (12)

ii) विभाजन का कब्जा कौन देता है तथा कब दिया जाता है ? (3)

प्र04. i) प्राकृतिक आपदा क्या होती है ?कौन–कौन सी प्राकृतिक आपदाऐं हिमाचल प्रदेश के संदर्भ में प्रासंगिक है ? (8)

ii) सरकार विशेष उद्देश्य हेतू वनों का संरक्षण कैसे करती है। धारा सहित उत्तर दें। (7)

प्र05. i) कृषक किसे कहते हैं ?क्या एक गैर कृषक हि.प्र. में भूमि क्रय कर सकता है ?धारा व नियम सहित वर्णन करें। (8)

ii) गैर मौरूसी मुजारे को किन–किन कारणों से बेदखल किया जा सकता है ?धारा व नियम का उल्लेख करें – (7)

प्र06. i) हि.प्र. नौताडे भूमि नियम 1968 के तहत किस–किस उद्देश्य हेतू भूमि स्वीकृत करने का प्रावधान हैं। (5)

ii) नौतोड़ भूमि के लिए आवेदन कौन–कौन कर सकता है व किसे किया जाता है ? (5)

iii) नौताड़े भूमि के पुर्नग्रहण के क्या–क्या कारण है। (5)

प्र07. i) आवधिक अभिलेख कब व कैसे तैयार किया जाता है ? प्रक्रिया का वर्णन करें। (10)

ii) लेखन भूलें (फर्दवदर) क्या होती है ?अभिलेख में इनका अमल कैसे किया जाता है। (5)

प्र08. i) निर्धारण कितने प्रकार का होता है ?इसकी अवधि क्या है ? (4)

ii) भू–मापन किसे कहते हैं ?क्या राजस्व अधिकारियों को सीमाकंन की शक्ति है ? (4)

iii) सरकार द्वारा पट्टे पर दी गई भूमि की अवधि समाप्त होने पर क्या कब्जा नाजायज की कार्यवाही हो सकती है। संक्षिप्त नोट लिखें। (4)

iv) वसीयती अधिकार किसे कहते हैं, धारा सहित वर्णन करें। (3)

# पटवार परीक्षा – नवम्बर –2016

## प्रश्न पत्र नं0 – 5

## "भू–अभिलेख नियमावली"

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 100

नोट : i) प्रश्न नम्बर। अनिवार्य है।
ii) शेष में से पांच प्रश्न हल करें।

प्र01. किन्हीं 10 पर संक्षिप्त टिप्पणी करें :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| i) | निशान देही | ii) | कब्जा नाजाईज |
| iii) | वेदखली | iv) | लावल्द लाजन |
| v) | पटवारी की अयोग्यतायें | vi) | फर्द कब्जा |
| vii) | चाही भूमि | viii) | काश्तकारी जोत |
| ix) | सामान्य उपज | x) | वन्दोवस्ती काबिज |
| xi) | लाल किताब | xii) | भू–मापन चिन्ह |

(10×2½=25)

प्र02. भू–अभिलेख नियमावली में वर्णित प्रमाण पत्रों को जारी करने की पूर्ण प्रक्रिया का वर्णन करें। (15)

प्र03. प्रायः कितने पटवारियों के लिए एक क्षेत्रीय कानूनगों की नियुक्ति की जाती है ? क्षेत्रीय कानूनगो के क्या कर्त्तव्य है? विस्तारपूर्वक वर्णन करें। (15)

प्र04. इन्तकाल से क्या अभिप्राय है ? इन्तकाल कितने प्रकार के दर्ज किए जाते हैं ? वर्णन करें। (15)

प्र05. i) गिरदावरी किसे कहते हैं ?इसका क्या उद्देश्य हैं ?किस राजस्व अधिकारी द्वारा गिरदावरी हेंतू हि.प्र. के विभिन्न जिलों के लिए तिथियां निश्चित की जाती हैं । (6)

ii) श्वसरा गिरदावरी रजिस्टर में गलतियों को रोकने के लिए किन–किन हिदायतों का पालन किया जाता है वर्णन करें। (9)

प्र06. i) कृषि गणना क्या होती है तथा इसके क्या उद्देश्य हैं वर्णन करें – (6)

ii) अमली जोत की परिभाषा दें। जोत कितने किस्म की होती हैं वर्णन करें। (9)

प्र07. I) धारा 163 के अन्तर्गत भूमि की क्या परिभाषा है ? सरकारी भूमि पर अतिक्रमण रोकने हेतु पटवारी की भूमिका का वर्णन करें। (7)

ii) हि.प्र. वितायुक्त (राजस्व) ने सरकारी भूमि से अतिक्रमण को हटाने के बारे क्या हिदायतें जारी की हैं वर्णन करें। (4)

iii) बन्दोवस्त के दौरान सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की रोकथाम तथा पुराने अवैध कब्जे को नियमित करने का क्या प्रावधान है ? (4)

प्र08. किन्हीं तीन पर नोट लिखें –

i) हि.प्र. में जन जातिय क्षेत्रों में भूमि के हस्तान्तरण की व्यवस्था।

ii) लावारिसी।

iii) खानगी तकसीम।

iv) भू–अभिलेख के कम्प्युट्रीकरण के उद्देश्य।

v) खराबा फसल। (3×5=15)

# पटवार परीक्षा नवम्बर 2016
## गणित
## प्रश्न पत्र नं. 3

समय : 3 घंटे | पूर्णांक 100

नोट : 1. कोई से 10 प्रश्न हल करें।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. कैलकुलेटर/मोबाईल का प्रयोग वर्जित है।

प्र01. हल करें :–

क) $\dfrac{(7.58)^3 + (2.42)^3}{(7.58)^2 - 7.58 \times 2.42 + (2.42)^2} \div \dfrac{\frac{1}{6} \div \frac{1}{6} \text{ का } \frac{1}{6}}{\frac{1}{6} \div \frac{1}{6} \times \frac{1}{6}} \times \dfrac{1.8}{1}$ (5)

ख) $\dfrac{(5.76)^2 - (3.24)^2}{2.52}$ का $\dfrac{14\frac{1}{36}}{35.35} \div 1\frac{11}{14}$ (5)

प्रश्न 2. वह बड़ी से बड़ी संख्या ज्ञात करो जिससे यदि 1541, 2443 और 2607 को विभाजित किया जाए तो समान राशि शेष बचे। शेष भी ज्ञात करो। (10)

प्रश्न 3. तीन दशमलव स्थानों तक शुद्ध वर्गमूल निकालो।

(i) 5.56 (ii) $\frac{5}{8}$ (iii) $\frac{3}{5}$ (10)

प्रश्न 4. एक हाकी की टीम के 11 खिलाड़ियों का औसत वजन 45 kg है। यदि पहले छः खिलाड़ियों का औसत वजन 42 kg हो और अन्तिम छः खिलाड़ियों का औसत वजन 48 kg हो तो छठे खिलाड़ी का औसत वजन मालूम करो। (10)

प्रश्न 5. व्यवहार गणित की विधि से चावल की 50 बोरियों का मूल्य 156.56 रु0 प्रति क्विंटल की दर से निकालो जबकि एक बोरी में 1 क्विंटल 62 किलोग्राम 500 ग्राम चावल हों। (10)

प्रश्न 6. यदि 2 आदमी और 3 लड़के एक काम को 8 दिन में तथा 3 आदमी और 2 लड़के 7 दिन में करते हों, तो 5 आदमी, 4 लड़के उस काम को कितने दिनों में कर सकेंगे ? (10)

प्रश्न 7. यदि 210 मजदूर 7 दिन में प्रतिदिन 10 घण्टे काम करके 1584 मीटर लम्बी, 180 सैoमीo चौड़ी तथा 60 सैoमीo गहरी खाई खोद सकते हों तो बताओं कि 35 मजदूर 7 घण्टे प्रतिदिन काम करके 198 मीटर लम्बी, 216 सैoमीo चौड़ी और 67.5 सैoमीo गहरी खाई को कितने दिनों में खोद सकेंगे ? (10)

प्रश्न 8. A ने 3500 रुपये से व्यापार शुरू किया। कुछ समय पश्चात् B और C भी क्रमशः 2400 रु0 और 6000 रु0 लगाकर साथ मिल गए। एक वर्ष के अन्त में उन्होंने लाभ 7 : 4 : 5 के अनुपात में बांटा। B तथा C कब साथ मिले। (10)

प्रश्न 9. एक परीक्षा में 75% छात्र अंग्रेजी में और 80% गणित में सफल हुए। यदि दोनों मं कुल 15% छात्र असफल हुए हों, और 280 छात्र दोनों विषयों में सफल हुए हों, तो कुल छात्र बताओ ? (10)

प्रश्न 10. (क) 13 पुस्तकों का क्रय मूल्य 10 पुस्तकों के विक्रय मूल्य के समान है। लाभ या हानि प्रतिशत ज्ञात करो। (5)

(ख) एक वस्तु का क्रय मूल्य अंकित मूल्य का 80% है। व्यापारी अंकित मूल्य पर 10% कटौती देता है। लाभ या हानि प्रतिशत बताओ। (5)

प्रश्न 11. किस दर प्रतिशत से 2 वर्ष में 8000 रु0 का चक्रवृद्धि ब्याज 820 रु0 हो जाएगा। (10)

प्रश्न 12. श्रीमती सुद्धी का बगीचा 120 मीटर लम्बा और 75 मीटर चौड़ा है। इसके बीचों बीच वह 3 मीटर चौड़ी दो सड़कें बनवाना चाहती है जो एक दूसरे को मध्य में काटे। सड़कों पर 50 पैसे प्रति वर्गमी0 के हिसाब से टाईल लगवाने का खर्च बताओ। यदि प्रत्येक टाइल 1 मीटर वर्ग हो तो टाइलों की संख्या ज्ञात करो। (10)

प्रश्न 13. A और B एक काम को 8 दिन में B और C 12 दिन में C और A 16 दिन में कर सकते है, तीनों मिल कर दो दिन काम करते हैं बताओ A शेष काम को कितने दिनों में करेगा। (10)

या

एक नगर की जनसंख्या एक वर्ष में 10% बढ़ती है और अगले वर्ष 10% घटती है। यदि नगर की जनसंख्या आज 69300 हो तो बताओ आज से 2 वर्ष पहले कितनी थी ? (10)

# पटवार परीक्षा – नवम्बर –2016
## 'मसाहत और भू–व्यवस्था नियमावली'
### प्रश्न पत्र नं0 – 1

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 100

नोट : i) प्रश्न नम्बर I अनिवार्य है।
ii) शेष में से पांच प्रश्न हल करें।

प्र01. निम्नलिखित में से किन्हीं 10 की परिभाषा दीजिए :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| i) | हदवस्त | i) | मुहाल, टीका व मौजा |
| iii) | आधार रेखा | iv) | मुसल्लस वन्दी |
| v) | फर्जी वतर | vi) | सदर चान्दा |
| vii) | सम्पदा | viii) | गोशातराशि |
| ix) | भूमिहीन | x) | रिवाजे–आम |
| xi) | मींड कटान | xii) | पर्चा जमीदारी |

**(10×2½=25)**

प्र02. i) बन्दोवस्त कितने प्रकार के होते हैं वर्णन करें। (10)

ii) बन्दोवस्त का उद्देश्य एवं इसके लाभों का वर्णन करें। (5)

प्र03. i) राष्ट्रीय भू–अभिलेख नवीनीकरण कार्यक्रम कब शुरू किया गया। इस कार्यक्रम के उद्देश्य व मुख्य पहलुओं का वर्णन करें। (7½)

ii) ETS and GPS जैसे नवीनतम यन्त्रों पर प्रकाश डालें । (7½)

प्र04. आधार रेखा की परिभाषा दें। आधार रेखा रखते समय किन–किन बातों का ध्यान रखना चाहिए व आधार रेखा से चान्दावन्दी कैसे बढ़ाई जाती है वर्णन करें

(15)

प्र05. i) आवपाश मजरूआ (सींचित कृष्ट भूमि) में दर्ज की जानेवाली भूमि की मुख्य किस्में कौन–कौन सी हैं। वर्णन करें ? (7½)

ii) जंगल कितने प्रकार के होते हैं ? वर्णन करें। (7½)

प्र06. i) शजरा की तैयारी और क्षेत्र के लिहाज से पैमाईश कितने प्रकार की होती है ? वर्णन करें। (7)

ii) मुरब्बाबन्दी की पैमाईश में किलों और किलों के अन्दर कायमी की पैमाईश कैसे की जाती है ? वर्णन करें। (8)

प्र07. i) पटवारी कार्य पैमाईश/सर्वेक्षण कब प्रारम्भ करता है ?सर्वेक्षण की पड़ताल मौका पर कौन–कौन अधिकारी करते हैं तथा नियमानुसार कितना–कितना प्रतिशत ? (10)

ii) जरीव की लम्बाई सही होने की जांच कैसे की जाती है। (5)

प्र08. संक्षिप्त नोट लिखें :–

i) शजरानस्ब में दर्ज होने वाले मालकान (4)

ii) गौरमुमकिन भूमि (4)

iii) माईक्रोफिल्मिंग (Microfilming) (4)

iv) शहरों का सर्वेक्षण (3)